सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 24 माघ, 1945 (श०) / 13 फरवरी, 2024 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 114**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 63 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 07 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 09 |
| (5) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) | विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | परिवहन विभाग | .. | .. | 06 |
| (9) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) | खेल विभाग | .. | .. | 16 |
| | | | कुल योग -- | 114 |

बसों का संचालन

*1. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय भागलपुर से झारखंड सीमा के मिर्जाचौकी तक आने-जाने के लिये यात्री सिर्फ ट्रेन और निजी वाहन पर आश्रित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रूट पर बिहार सरकार के बसों का संचालन नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर मिर्जाचौकी के बीच सरकारी बसों के परिचालन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वित्तीय संकट का समाधान

*2. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर विश्वविद्यालय में सभी वित्त रहित डिग्री कॉलेज सरकारी संकल्प का पालन नामांकन में करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी संकल्प के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के सभी बच्चे-बच्चियों एवं अन्य सभी वर्ग की बच्चियों से नामांकन में किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुंगेर विश्वविद्यालय के डिग्री कॉलेज को वित्त रहित संस्थान के वित्तीय संकट का समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*3. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, बुलाकी टोला में भवन नहीं होने से कक्षा संचालन दूसरे विद्यालय में किया जाता है जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडा का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शीघ्र भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मानदेय का भुगतान

*4. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय शिक्षा विभाग के पत्रांक 11/वि0-11-120/2023-9770, दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 द्वारा मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड के अवस्थित ए0पी0सी0 उच्च विद्यालय, मुरलीगंज में कार्यरत रात्रि प्रहरी का जून, 2018 से अप्रील, 2019 तक मानदेय का अंतर राशि एवं 2019 से अबतक लम्बित मानदेय का भुगतान करने के लिये जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा को आदेश देने के बावजूद अबतक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरी का लम्बित मानदेय का भुगतान करने तथा ससमय मानदेय का भुगतान नहीं करने वाले दोषी कर्मी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*5. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ0जा0))--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के रामनगर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय-सह-नगर परिषद् का मुख्यालय रामनगर में श्री अर्जुन विक्रम शाह खेल मैदान का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार श्री अर्जुन विक्रम शाह खेल मैदान का चहारदीवारी का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेविका के पद पर नियुक्ति

*6. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के सिसौनी पंचायत के वार्ड नम्बर 10, सुखवारी में सिंधुजा शंकर आँगनबाड़ी सहायिका के पद पर दिनांक 19 फरवरी, 2006 से कार्यरत हैं जिन्होंने उक्त केन्द्र पर आँगनबाड़ी सेविका के पद रिक्त होने पर दिनांक 25 जून, 2018 को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हरलाखी को सेविका के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित किया था परंतु उक्त पदाधिकारी ने दिनांक 12 फरवरी, 2022 को सूची क्रमांक 3 में अंकित सहायिका सिंधुजा शंकर को सेविका के पद पर नियुक्ति नहीं कर सूची क्रमांक 4 में अंकित रिंकू कुमारी (जो वार्ड नम्बर 11 की निवासी है) नियम के विरुद्ध चयन कर दिया है जबकि नियमानुसार दूसरे वार्ड के लोगों को चयनित नहीं करना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नियुक्ति को रद्द करते हुये सिंधुजा शंकर को सेविका के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना कराना

*7. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में डिग्री कॉलेज की स्थापना हेतु विभाग द्वारा राशि की विमुक्ति के उपरान्त जमीन चिह्नित कर सहरसा जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यालय भेजने के बावजूद विगत एक वर्ष से सिमरी बख्तियारपुर में डिग्री कॉलेज की स्थापना अभीतक नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार डिग्री कॉलेज की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नोटिफिकेशन जारी करना

*8. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 सितम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य में 1 जनवरी से मैकेनिकल इंजीनियर ही बन सकेंगे डी0टी0ओ0'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भारत सरकार रोड सेफ्टी कमिटी की सिफारिश पर सभी राज्यों में नोटिफिकेशन जारी कर दिनांक 1 जनवरी, 2024 से डी0टी0ओ0 पद के लिये अर्हताओं में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री अनिवार्य करना है, लेकिन बिहार सरकार द्वारा अबतक इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक डी0टी0ओ0 पद के लिये अर्हताओं में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री अनिवार्य करने के लिये नोटिफिकेशन जारी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन का निर्माण

*9. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 9, प्रतापपुर गाँव में अभीतक आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन नहीं है जिसके कारण उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र खुले आकाश के नीचे संचालित होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के वार्ड संख्या 9, प्रतापपुर गाँव में आँगनबाड़ी केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बेंच-डेस्क उपलब्ध कराना

*10. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत बेलसंडी तारा के फुलवरिया टोला स्थित मदरसा शब्बीरिया कासिमुल उलूम में छात्र-छात्राओं के अनुपात में बेंच-डेस्क उपलब्ध नहीं होने के कारण पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मदरसा में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कन्या विवाह राशि प्रदान करना

*11. श्री रामप्रीत पासवान (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार गरीबों के कन्यादान पर 5 हजार रुपये देती है, परन्तु विगत 4 वितीय वर्षों से यह राशि नहीं दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार पुन: कन्यादान पर राशि देने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

खेल मैदान का निर्माण

*12. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के बेतिया डीह पंचायत में राय धुरवा खेल मैदान स्थित है, इस खेल मैदान से अनेकों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल में हुआ है लेकिन फुटबॉल का उचित खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानी होती है एवं उचित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर फुटबॉल खेल मैदान बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कक्षाओं का निर्माण

*13. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला अन्तर्गत वैसा प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, कंजिया में नामांकित छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष की कमी है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त विद्यालय में वर्ग कक्षाओं का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण कराना

*14. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड के किसनपुर पंचायत के बड़ी भवनाथपुर, छोटी भवनाथपुर एवं मकन्दपुर गाँव में वर्षों से वॉलीबॉल खेल तथा इसका प्रशिक्षण होता रहा है परंतु उक्त गाँव में प्रशिक्षण केन्द्र एवं इन्डोर स्टेडियम का आभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर उक्त गाँव के वॉलीबॉल खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवनाथ पुस्तकालय मैदान में एक वॉलीबॉल प्रशिक्षण केन्द्र एवं इन्डोर स्टेडियम बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम निर्माण कराना

*15. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों में स्टेडियम बनाने की घोषणा की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड में सरकार का बड़ा भू-खण्ड उपलब्ध रहने के बाद भी स्टेडियम का निर्माण कार्य नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय की स्थापना

*16. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के कोलौना पंचायत के ग्राम-धमौल में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के बच्चों को दूसरे पंचायत बेलौटी के ग्राम-खुटहाँ में शिक्षा ग्रहण हेतु जाना पड़ता है और धमौल से खुटहाँ की दूरी 2 कि0मी0 से ऊपर है जिसके कारण बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में नये प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवनों का निर्माण

*17. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में लगभग 7 हजार चिमनी ईंट भट्ठा हैं, जिनसे लाखों लोगों की रोजी-रोटी चलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिमनी भट्ठा निर्मित लाल ईंटें काफी मजबूत होती है तथा इनका जीवन सैकड़ों साल का होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्माण कराये जा रहे बड़े भवनों के निर्माण में लाल ईंटों का उपयोग वर्जित है तथा चिमनी भट्ठों के लाल ईंट की खपत तेजी से घट रही है, जिससे वहां काम करने वाले मजदूरों व भट्ठा मालिकों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या पैदा हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बड़े सरकारी भवनों के निर्माण में चिमनी भट्ठा निर्मित लाल ईंटों का उपयोग कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण कराना

*18. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय में इंटर विद्यालय पकरीबरावां के पास एक बड़ा खेल मैदान उपलब्ध है, जबकि पकरीबरावां प्रखंड में एक भी स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के खेल मैदान में एक स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

डिग्री कॉलेज खोलना

*19. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बरौली विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मांझा एवं बरौली प्रखंडों में डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों में दो इण्टर कॉलेज एवं दर्जन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र-छात्राएं इण्टर पास करने के उपरांत डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बरौली विधान सभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पढ़ाई की व्यवस्था कराना

*20. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलेर प्रखंड में शिवदेनी सिंह महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई नहीं होने से जिला के छात्रों को काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस कॉलेज में संस्कृत एवं भूगोल संकाय की पढ़ाई नहीं होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवदेनी सिंह कॉलेज कलेर में स्नातकोत्तर, संस्कृत एवं भूगोल संकाय की पढ़ाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अर्द्धनिर्मित कमरों का निर्माण

*21. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के खम्हार पंचायत में अवस्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के 06 कमरा विगत 15 वर्षों से अर्द्धनिर्मित अवस्था में हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में कमरों के अभाव में तथा कमरा अर्द्धनिर्मित होने के कारण शिक्षकों एवं छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रों के हित में उक्त विद्यालय के अर्द्धनिर्मित कमरों का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*22. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड झंझारपुर स्थित गोपाल नारायण +2 उच्च विद्यालय, कोठिया भैरवस्थान, गिरधारी चैरसिया जयंती ग्राम +2 उच्च विद्यालय, संतनगर एवं लखनौर प्रखंड के धारावती +2 उच्च विद्यालय लखनौर के भवन का निर्माण अभीतक अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना के कार्यालय पत्रांक BSEIDC/DGG/Ex/415/2023, दिनांक 24 मार्च, 2023 के माध्यम से इन विद्यालयों

का प्राक्कलन अनुसूचित दर पर तैयार कर तकनीकी प्रतिवेदन के साथ मुख्य अभियंता, BSEIDC पटना को अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित कर दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों +2 विद्यालय के अधूरे भवन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी तथा मेन गेट का निर्माण

*23. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के नगर परिषद् में स्थित श्री प्रेम जननी संस्कृत विद्यालय रामनगर में 10 कमरों में से 6 कमरा काफी जर्जर है जिस कारण छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है साथ ही हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, तथा चहारदीवारी एवं मेन गेट के अभाव में असमाजिक तत्वों एवं पशुओं का विद्यालय में जमावड़ा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के जर्जर कमरों का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी तथा मेन गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सेवा 60 वर्ष तक करना

*24. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत +2 अतिथि शिक्षक जुलाई, 2018 से लगातार सेवा दे रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिथि शिक्षकों ने शैक्षणिक कार्य के अलावे समय-समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्य जैसे चुनाव, बाह्य केन्द्रों पर विक्षण-परिक्षण कार्य, कोविड-19 के दौरान कोरेंटाईन केन्द्र पर आपातकालीन सेवा, बिहार जाति जनगणना जैसे कार्य करते रहें हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि एक ओर जहां शिक्षा विभाग में नई नौकरियां दी जा रही है, वहीं आरक्षण रोस्टर का पालन कर छः वर्षों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को बाहर किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिथि शिक्षकों की सेवा निरंतर रखते हुये 60 वर्ष तक करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*25. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत एक वर्ष पूर्व माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा पुपरी छात्रावास के मैदान में बच्चों के खेल-कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेडियम का शिलान्यास किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिलान्यास स्थल पर एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिलान्यास स्थल पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संथाली भाषा के शिक्षक की नियुक्ति कराना

*26. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में अनुसूचित जन-जाति की आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 18,102 है। रानीगंज प्रखंड के रानीगंज नगर पंचायत, मझुआ पूरब, मझुआ पश्चिम, बौंसी, धोबनियां, भोरहा, पहुंसरा, कालाबलुआ, मोहनी, कोशकापुर दक्षिण, गुणवंती, नंदनपुर, फरकिया तथा घघड़ी के अनुसूचित जन-जाति बाहुल्य गांवों में संथाली भाषा की पढ़ाई नहीं होने के कारण इनलोगों को अपने बच्चों को संथाली भाषा के अध्ययन के लिये दूसरे राज्य झारखंड भेजना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुसूचित जन-जाति बाहुल्य गांवों के विद्यालयों में संथाली भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु संथाली भाषा के शिक्षक का पद सृजित करने तथा उक्त भाषा के शिक्षक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण कराना

*27. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति टोलों में सामुदायिक भवन-सह-वर्क सेड का निर्माण कराने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत अरियरी प्रखंड के ग्राम-सुमका माँझी टोला, हनुमानगंज मुसहरी, ऐफनी के अनजान पोखर मुसहरी, में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोलों में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई करना

*28. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड संसाधन केन्द्र के रख-रखाव एवं विकास हेतु प्रत्येक वर्ष राशि आवंटित की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के प्रखंड संसाधन केन्द्र के विकास हेतु उक्त राशि की निकासी के बावजूद किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जाँचोंपरांत दोषी पदाधिकारियों पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेडियम का निर्माण

*29. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के मंसूरचक प्रखंड के नर-नारायण सिन्हा उच्च विद्यालय में स्टेडियम नहीं होने के कारण छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय का निर्माण

*30. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला कि किरतपुर प्रखंड में +2 राजकीय गांधी कोशी प्रवेशिका उच्च विद्यालय रसियारी अवस्थित है जिसके भवन से सटकर उत्तर दिशा में SH-88 सड़क का निर्माण किये जाने से विद्यालय का भवन और परिसर डैम्प हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का पुनःनिर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सामुदायिक भवन का निर्माण

'क'-*31. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंडान्तर्गत नारायणपुर ग्राम के वार्ड संख्या-9 पंचायत बलहा मकसुदन में महादलितों की संख्या कुल 200 है परन्तु वहां सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड नहीं, है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में सामुदायिक भवन-सह-शेड निर्माण कराने कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'क'- समाज कल्याण विभाग के ज्ञापांक 611, दिनांक 6 फरवरी, 2024 द्वारा ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित ।

चहारदीवारी एवं भवन का निर्माण

*32. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा अन्तर्गत दावत प्रखंड में जगनारायण उच्च-विद्यालय कोवाथ, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गिधा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, दावत एवं जगदेयाल सिंह उच्च विद्यालय, डेढ़गाँव अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी तथा भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे पढ़ाई बाधित होती है एवं चहारदीवारी के अभाव में अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी एवं भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

रोजगार दिलाना

*33. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर (अ०जा०)--क्या मंत्री, मध, निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्यों के अंदर पासी एवं पासवान समाज के लोग अपनी परंपरागत व्यवसायों के माध्यम से तार एवं खजूर के फल से जूस उतारकर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते आ रहे हैं जिसे सरकार के द्वारा प्रतिबंधित करके नीरा उद्योग की शुरूआत की गयी है, जबकि वैशाली जिला सहित पूरे बिहार में नीरा उत्पाद उद्योग नहीं लगने के कारण इससे जुड़ा हुआ परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है, यदि हाँ, तो सरकार इस व्यवसाय से जुड़ा हुआ उत्पादन पर से प्रतिबंध हटाने या इससे जुड़े परिवारों को कोई अन्य रोजगार देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*34. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड अन्तर्गत सिमारू पंचायत के ग्राम-बाजितपुर में विगत 10 वर्ष पूर्व प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी जिसमें अभीतक चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण स्कूल के इर्द-गिर्द आवारा पशुओं एवं असमाजिक तत्वों से शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई करना

*35. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर स्थित एन०टी०पी०सी० की दो इकाइयों बी०आर०बी०सी०एल० एवं एन०पी०जी०सी० से Fly Ash की गाड़ियाँ ओवरलोड करके नवीनगर बारूण पथ से गुजरता है, जिसके कारण Fly Ash सड़कों पर बिखरता है, जिससे आम नागरिकों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ओवरलोड गाड़ियों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्कूल के मैदान को खाली कराना

*36. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला प्रशासन और पटना नगर प्रशासन की ओर से अवैध पार्किंग और शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहीद देवीपद चौधरी (मिलर हाई स्कूल ग्राउण्ड) में बड़ी संख्या में वाहन की अवैध पार्किंग किया जाता है जिसके चलते वहाँ पर बच्चे खेल नहीं पाते हैं । जब बच्चे खेलने जाते हैं तो वाहन मालिक मार-पीट कर भगा देते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के माध्यम वाहन पार्किंग के लिये हाई स्कूल मैदान आरक्षित करा दिया गया ;

(4) उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान को खाली कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अनुदान राशि का भुगतान

*37. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड मसौढ़ी में डी0 एन0 कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को अनुदान की राशि निकाय के द्वारा वितरण नहीं किया गया है जबकि अनुदान की राशि विगत छः माह पहले ही आ चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कॉलेज के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को अनुदान की राशि निकाय के द्वारा वितरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*38. श्री हरीभुषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के बिस्फी +2 उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं एवं असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे विद्यार्थियों को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*39. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखरा के पंचायत कुरहर स्थित प्राथमिक विद्यालय, चिकुआ टोला में वर्ग एक से पाँच तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है परंतु उक्त विद्यालय में कुल 3 ही कमरा है जिसकी स्थिति काफी जर्जर भी हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक विद्यालय, चिकुआ टोला में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना

*40. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत गुणवंती के वार्ड संख्या 6, बधवा टोला में 2000 की आबादी तथा वार्ड संख्या 9 एवं 12 के मध्य मील चौक के आस-पास 1500 की आबादी महादलित, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग की है, इन दोनों जगह

2 किलो मीटर के दायरे में कोई विद्यालय नहीं है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों को दूर-दराज के विद्यालय जाने में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित दोनों टोलों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*41. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड के नगर पंचायत, चनपटिया में इंडोर स्टेडियम नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानी होती है, जबकि यहाँ से राष्ट्रीय स्तर पर कैरमबोर्ड एंव बैडमिन्टन खेल में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नगर पंचायत, चनपटिया में इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पाठ्यक्रम में संशोधन

*42. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित मुंगेर योगाश्रम की स्थापना वर्ष 1963 में हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुंगेर योग प्रशिक्षण का विश्व प्रसिद्ध केन्द्र होने के बावजूद मुंगेर विश्वविद्यालय में योग का पाठ्यक्रम शामिल नहीं किया गया है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक योग को बढ़ावा देते हुये उक्त विश्वविद्यालय में योग का पाठ्यक्रम जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कक्ष का निर्माण

*43. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के काजी अहमद डिग्री कॉलेज में अल्पसंख्यक छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में पठन-पाठन करते हैं, जबकि यहाँ कक्ष का आभाव है जिसके कारण वर्ग का संचालन नियमित तरीके से नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, दरभंगा की अध्यक्षता में दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 को आयोजित जिलास्तरीय 15 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के काजी अहमद डिग्री कॉलेज, जाले में शौचालय सहित 6 अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काजी अहमद डिग्री कॉलेज में कक्ष निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमियों को दूर कराना

*44. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधान सभा प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, ICT LAB एवं शौचालय सहित यूरिनरी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी कमियों को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*45. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-संदली परसा स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के लिए स्थानीय लोगों द्वारा जमीन दान करने के बाद भी भवन के आभाव में प्राथमिक विद्यालय जाफर टोला में संचालित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन-निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आश्रितों की नियुक्ति

*46. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के कर्मियों/पदाधिकारियों का सेवाकाल में मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित परिवार के किसी सदस्य को अनुकम्पा पर सरकारी सेवा प्रदान करने के प्रावधान के विरुद्ध अरवल जिलान्तर्गत माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अनुकम्पा पर विद्यालय सहायक एवं विद्यालय परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु श्री संतोष कुमार, पिता-दामोदर सिंह, पता-ग्राम+पोस्ट-सरासत, थाना-नौबतपुर, जिला-पटना, पप्पु कुमार, पिता-स्वर्गीय जयराम सिंह, पता-ग्राम-अमीर विगहा, पोस्ट+थाना-कलेर, जिला-अरवल, श्री राजेश कुमार मिश्र, पिता-उमेश मिश्र, पता-ग्राम-इसड़ी, पोस्ट-दुर्गावती जिला-कैमूर एवं अन्य 38 का जिला शिक्षा कार्यालय अरवल द्वारा चयन की सभी प्रक्रिया दिनांक 15 नवम्बर, 2022 को पूर्ण किये जाने के बावजूद अभीतक उक्त आश्रितों की नियुक्ति नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

--------

खेल परिसर का निर्माण कराना

*47. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड में खेल परिसर नहीं रहने के कारण क्रीड़ा संस्कृति का अपेक्षित विकास नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड में खेल परिसर का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार

*48. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत को आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या-13 का भवन जीर्ण-शीर्ण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*49. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत उच्च विद्यालय, दामोदरपुर में शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालय भवन बन रहा था, जिसके लिए आवंटित राशि सरकार के द्वारा वापस कर ली गई जिसके कारण उक्त भवन अधूरा पड़ा है और सैकड़ों बच्चे वृक्ष के नीचे बैठकर पढ़ाई करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुनः उक्त विद्यालय भवन को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*50. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के उ0वि0, कुढ़नी में लगभग 2000 नामांकित बच्चे हैं जो भवन नहीं रहने से वृक्ष के नीचे पढ़ने पर मजबूर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त उच्च विद्यालय के भवन को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*51. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में देसरी प्रखंड अंतर्गत जहांगीरपुर शाम पंचायत के वार्ड नं0 07 स्थित महादलित टोला में सामुदायिक भवन नहीं होने से गरीब महादलित परिवारों को सावर्जनिक एवं मांगलिक कार्य करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार देसरी प्रखंड अंतर्गत उक्त महादलित टोला में कबतक सामुदायिक भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*52. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र में डुमरी घाट पर बालू का उठाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय नियमानुसार सीमांकन एवं बोर्ड लगाकर ही बालू का खनन करना अनिवार्य है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त घाट से बिना सीमांकन एवं बिना बोर्ड लगाये बालू का खनन किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*53. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर अंचल में मध्य विद्यालय अरसंडीह है में बेंच एवं डेस्क की भारी कमी है तथा उक्त विद्यालय में चहारदीवारी एवं गेट भी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में बेंच एवं डेस्क की कमी को दूर करने एवं चहारदीवारी तथा गेट का निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*54. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड बोखरा, पंचायत-सिंघाचैड़ी के ग्राम उखड़ा मुशहरी टोला में 250 परिवार मुशहर समुदाय के लोग रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-उखड़ा मुशहरी टोला में 250 परिवारों के बीच एक भी सामुदायिक भवन नहीं है जिससे कफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम में उन समुदाय के बीच एक सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण कराना

*55. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद नगर परिषद् क्षेत्र में स्टेडियम बना है, जो जर्जर है, जहां राज्य स्तरीय खेल का आयोजन कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेडियम आधुनिक स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सांस्कृतिक कला भवन बनवाना

*56. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड प्रखंड के पचरूखा कॉलोनी में बंगाली शरणार्थी रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के सभी बंगाली परिवार पचरूखा कॉलोनी में अवस्थित काली मंदिर के सामने खाली जमीन पर कड़ी धूप और वर्षा में अपना सांस्कृतिक उत्सव मनाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बंगाली शरणार्थियों की भाषा, संस्कृति की सुरक्षा के लिये पचरूखा में सांस्कृतिक कला भवन बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जाली लगाने का विचार

*57. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटांड़ प्रखंड के मानपुर, चकरसन, पड़रिया, जीगना, पचरौता, धुमाटांड, जसौली, सीसवा जैसे गाँवों की रैयती कृषि भूमि वाल्मीकीनगर टाईगर प्रोजेक्ट की जंगल की सीमा से लगी हुयी है, जहां जंगली जानवरों के द्वारा किसानों के फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोलर लाइट आधारित विद्युत् धार के प्रवाह वाले तार जाली द्वारा जंगल की सीमा की घेराबंदी से न तो जानवरों के जान का खतरा होता है, और न आम आदमी के जान का खतरा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड किसानों के फसलों की सुरक्षा देने के लिये सोलर लाइट आधारित तार जाली लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी एवं भवन का निर्माण

*58. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)---क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा प्रखंड में नागेन्द्र पाठक उच्च विद्यालय, सैसड़, सर्वोदय हाई स्कूल, गंजभरासरा, स्वामी शिवानंद उच्च विद्यालय, करहंसी, श्री भगवान उच्च विद्यालय, अरथु, जनता उच्च विद्यालय, तुनेअज तथा श्री अक्षिणी उच्च विद्यालय, भलनुधाम अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी तथा भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे पढ़ाई बाधित होती है एवं चहारदीवारी के अभाव में अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी एवं भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आँगनबाड़ी केन्द्र का संचालन

*59. श्री मनोहर प्रसाद सिंह(क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत नगर पंचायत, अमदाबाद में पानी कमला गांव में 8 वर्ष पहले से आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 122 का भवन बना हुआ है, लेकिन वह केन्द्र अम्बिका प्रसाद, पानी कमला के मकान में भाड़े पर चलाया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आँगनबाड़ी भवन में उक्त केन्द्र को संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आपदा प्रबन्धन की पढ़ाई

*60. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार देश का सर्वाधिक आपदा प्रभावित राज्य होने के बावजूद यहां के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आपदा प्रबन्धन की पढ़ाई नहीं होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, भारत सरकार और यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन), राज्य सरकार के पत्रांक D.O.No- 2-9/2022, दिनांक 24 फरवरी, 2022 द्वारा इसकी पढ़ाई शुरू करने हेतु सिलेबस तैयार करने का आग्रह की गयी थी, बावजूद अभीतक राज्य स्तर से न ही सिलेबस तैयार किया गया है और न ही विश्वविद्यालयों को कोई निर्देश ही दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आपदा प्रबंधन की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*61. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोरवा प्रखण्ड में सोंगर उच्च विद्यालय एवं वाजितपुर करनैल सहित दर्जनों विद्यालयों में चहारदीवारी एवं गेट नही होने के कारण बच्चों की एवं विद्यालय की सुरक्षा को खतरा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल बनाना

*62. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के तेलहाड़ा में प्राचीनकाल के गढ़नुमा स्थल की खुदाई का शुभारंभ दिनांक 26 दिसम्बर, 2009 को मुख्यमंत्री, बिहार के कर-कमलों से हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खुदाई में तेलहाड़ा विश्वविद्यालय, बुद्ध की खण्डित मूर्ति सहित प्राचीनकाल का शीलालेख का अवशेष निकला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खुदाई प्रारंभ तिथि को तेलहाड़ा महोत्सव घोषित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

खेल मैदान की घेराबंदी

*63. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत डंडारी के कटरमाला उत्तरी पंचायत के सिसौनी गांव के दुर्गा स्थान स्थित खेल के मैदान की घेराबंदी एवं बैठने की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण खिलाड़ियों एवं दर्शकों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेल मैदान की घेराबंदी कराने एवं वहां बैठने की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास निर्माण कराना

*64. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह )--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के पौथू पंचायत के ग्राम खरौना बुजुर्ग में प्रस्तावित अंबेडकर छात्रावास का कार्य नहीं हो सका जबकि वहां 11 एकड़ सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-खरौना बुजुर्ग में अंबेडकर छात्रावास बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

छात्रावास निर्माण कराना

*65. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, झंझारपुर में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 800 है जबकि निर्मित छात्रावास में मात्र 200 विद्यार्थियों के आवासन की व्यवस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कॉलेज परिसर में शिक्षकों के लिये आवास की व्यवस्था नहीं रहने के कारण अध्यापन कार्य में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पॉलिटेक्निक कॉलेज, झंझारपुर के परिसर में अतिरिक्त छात्रावास एवं शिक्षक आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सामुदायिक भवन निर्माण कराना

*66. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गड़हनी के ग्राम-इचरी माँझी टोला एवं नगर पंचायत गड़हनी के वार्ड संख्या-10 माँझी टोला में स्थिति सामुदायिक भवन एवं प्रखंड-अगिआंव के ग्राम नोनउर माँझी टोला एवं ग्राम-घोबहा मांझी टोला स्थित सामुदायिक भवन जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक भवनों के पुनर्निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*67. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्दि (अ०जा०))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्दि प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय भादा, चहारदीवारी विहीन है, जिसके कारण आवारा पशुओं एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहता है तथा परशुरामपुर-अरेराज मुख्य मार्ग पर होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन निर्माण कराना

*68. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत मेहसी प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय राजेपुर का भवन नहीं होने से कक्षा संचालन दूसरे विद्यालय में किया जाता है जिससे छात्र-छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शीघ्र भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन निर्माण कराना

*69. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के खरीक बाजार पंचायत में प्राथमिक विद्यालय शिवगंज टोला है जिसे प्राथमिक विद्यालय यादव टोला में टैग किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक विद्यालय, शिवगंज टोला विद्यालय भवन हेतु 09 डिसमिल जमीन उपलब्ध होने के बावजूद आजतक विद्यालय को अपना भवन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय शिवगंज टोला के लिये उपलब्ध 09 डिसमिल जमीन पर विद्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बतलाना

*70. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार इंटरमीडिएट में प्रथम एवं द्वितीय डिविजन से पास छात्र-छात्राओं को क्रमशः 25000 एवं 10000 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के प्रावधान के विरुद्ध पटना जिलान्तर्गत एम०एम० कॉलेज, बिक्रम से सुश्री जीतन कुमारी, सुश्री सोनी कुमारी, पिता-श्री देवानंद पासवान सहित दर्जनों प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से वर्ष 2023 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को 6 माह पूर्व सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किये जाने का औचित्य क्या है ?

-------------

वर्ग कक्ष का निर्माण

*71. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार की वर्तमान व्यवस्था के तहत प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति है परन्तु वर्ग कक्ष एवं बेंच की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिस कारण मटिहानी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय आकाशपुर तथा वार्ड नं० 17 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, पत्तापुर के छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो कबतक उक्त प्राथमिक विद्यालय के वर्ग कक्ष का निर्माण एवं बैठने की समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लाभ दिलाना

*72. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कबीर अंत्येष्टि योजना की पात्रता हेतु मृत व्यक्ति के परिवार का बी०पी०एल० में नाम होना अनिवार्य है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के वैसे लोग जिनका नाम बी०पी०एल० सर्वे 2007 में नहीं है लेकिन वास्तविक रूप से वह बहुत गरीब हैं, उन्हें इस योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी0यू0सी0 जाँच केन्द्र खुलवाना

*73. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 27 नवम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''पटना में 50 प्रतिशत वाहनों का नहीं है प्रदूषण सर्टिफिकेट'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में निजी एवं व्यावसायिक वाहन मिलाकर लगभग 14 लाख निबंधित वाहन हैं, जिसके लिये पटना में मात्र 256 पी0यू0सी0 जाँच केन्द्र हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में 256 पी0यू0सी0 जाँच केन्द्रों में प्रतिमाह 50,000 वाहनों की प्रदूषण जाँच की जाती है, जबकि प्रदूषण जाँच केन्द्र की कमी के कारण 10 वर्ष पुराने वाहन शहर में बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट लिये चल रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वाहनों के अनुपात में पी0यू0सी0 जाँच केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन खाली कराना

*74. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत मौजा-बसंतपुर सी0 एस0 खाता नम्बर-511, खेसरा-420 आर0 एस0, खाता नम्बर - 2438, खेसरा नम्बर - 9658/10359, रकबा-6 एकड़ 41 डिसमिल में एजाज हुसैन एवं अन्य बनाम बिहार सरकार में एजाज हुसैन एवं अन्य को टाईटल सूट नम्बर 127/2006 एवं टाईटल अपील नम्बर 12/2019 में डिक्री प्राप्त है इसके बावजूद विभाग जमीन अतिक्रमण किये हुये हैं, जिससे डिक्रीधारी किसान आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान रहते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त जमीन को खाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*75. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खजूरी मिलीक में चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय परिसर जानवरों एवं आवारा पशुओं का चारागाह बना रहता है, जिससे पठन-पाठन में परेशानी उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालयों का भवन निर्माण

*76. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआंव के डिलियां पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अकोढ़ा और प्राथमिक विद्यालय, अनतपुर एवं खोपिरा पंचायत के अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय, मिश्रवलिया का वर्ग भवन अत्यंत ही जर्जर हो चुका है एवं न्यू प्राथमिक विद्यालय, मदनपुर, कुम्हार टोली पाँच सालों तक गाँव के एक निजी बरामदे में चला उसके बाद 2 किलो मीटर दूर कन्या प्राथमिक विद्यालय, मदनपुर जहाँ मात्र 2 कमरे हैं में टैग कर दिया गया, जहाँ दूरी होने कि वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते जबकि स्कूल के भवन निर्माण के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*77. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में आँगनवाड़ी केन्द्रों की सेविका को सेवावधि में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 17, मोहल्ला गाँधी नगर, कटरिया के आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 109 की सेविका चन्द्रकला देवी की मृत्यु सेवावधि में ही दिनांक 9 जून, 2023 को हो गई थी परन्तु मृत्यु के 8 महीने बीत जाने के बाद भी अभीतक उनके परिजनों को मुआवजा नहीं मिला है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खंड (2) में वर्णित मृतक आँगनबाड़ी सेविका के परिजन को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

देवकुंड महोत्सव आयोजित कराना

*78. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के हथियारा पंचायत के देवकुंड में बाबा दूधेश्वर नाथ का प्राचीन मंदिर एवं चमन ऋषि का प्राचीन आश्रम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाबा दूधेश्वर नाथ का शिवलिंग नीलम के पत्थर का है और चमन ऋषि के आश्रम का आग हमेशा प्रज्वलित रहता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण जनता द्वारा प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर चंदा के माध्यम से देवकुंड महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जबकि सरकारी स्तर पर आजतक देवकुंड महोत्सव का आयोजन नहीं किया गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देवकुंड में देवकुंड महोत्सव सरकारी स्तर से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मैदान का उन्नयन कराना

*79. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियां नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत एकमात्र जौहरीमल छात्रावास मैदान है, जो गंदे पानी से भरा-पड़ा रहता है तथा मैदान की स्थिति बहुत खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर परिषद्, बैरगनियां में दूसरा कोई मैदान नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जौहरीमल छात्रावास मैदान का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि दिलाना

*80. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के ग्राम-सुरेमनपुर, पंचायत-लछुटोला के गुड़िया देवी, पति-हरेन्द्र राय आँगनबाड़ी सेविका का चयन 2005 में हुआ था एवं उनका देहान्त दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को हो गया है, परन्तु उनके आश्रित को सहायता राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रित को सहायता राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रबंध समिति का गठन कराना

*81. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखंड के सभी पंचायतों में कुल 37 उच्च विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है जिसके सभी विद्यालयों में सितम्बर, 2021 तक प्रबंध समिति का गठन कर लिया जाना था, लेकिन कतिपय कारणों से जनवरी, 2024 तक एक दर्जन विद्यालयों में प्रबंध समिति का गठन व नियमित बैठक नहीं की जा सकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विभागीय आदेश का अनुपालन कराते हुये सभी उच्च विद्यालयों में प्रबंध समिति का गठन एवं नियमित बैठक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*82. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि BRM कॉलेज, मुंगेर (जो मुंगेर का एकमात्र महिला कॉलेज है) तथा जे0एम0एस0 कॉलेज, मुंगेर में कमरे जीर्ण-शीर्ण होने के कारण एवं कमरों के अभाव में वहां के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों कॉलेजों में भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

--------

अनुदान राशि का भुगतान

*83. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तरहित इंटर कॉलेज के अनुदान के लिए सरकार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को पूर्व का बकाया समेत कुल तीन अरब बयालीस करोड़ की राशि स्वीकृत की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बिहार के सभी वित्तरहित इंटर कॉलेज के लिए सरकार द्वारा तय मानक का परीक्षण कर मानक अनुरूप अनुदान वितरण किया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मानक पूर्ण करने वाले संस्थानों को अनुदान वितरण सत्र 13--15 एवं 14--16 का किया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानक पूर्ण करने वाले इंटर कॉलेज का पूर्व के सत्र 07--09, 08--10, 09--11 एवं 11--19 के बकाये अनुदान को स्वीकृत तीन अरब बयालीस करोड़ से सरकार करना चाहती है अथवा अलग से व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

--------

भवन निर्माण कराना

*84. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जयनगर वस्ती में वर्ग 01 से 08 तक 1123 छात्र तथा वर्ग 09-10 में 325 छात्र/छात्रायें नामांकित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में मात्र 06 कमरा हैं जिसमें वर्ग 01 से 10 तक संचालित हो रहा है तथा विद्यालय में मात्र 1.5 कट्ठा जमीन ही उपलब्ध हैं, जिस कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में जमीन उपलब्ध कराकर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम निर्माण कराना

*85. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदन प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत में स्थित मैदान पर स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मैदान में चहारदीवारी का निर्माण कर स्टेडियम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

--------

भवन निर्माण कराना

*86. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखंड के नवीन आदर्श उच्च विद्यालय, जगनपुरा, पटना प्राथमिक विद्यालय, जगनपुरा के भवन में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रा0 वि0, जगनपुरा, फुलवारीशरीफ के बगल में ही पर्याप्त मात्रा में सरकारी जमीन खाली पड़ी है उसके बावजूद सरकारी स्तर पर नवीन आदर्श उच्च विद्यालय का अपना भवन नहीं बनवाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण कराना

*87. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खेलों के विकास के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर एवं इन्डोर स्टेडियम का निर्माण करने की योजना लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी प्रखंड में एक भी इन्डोर स्टेडियम नहीं रहने के कारण क्षेत्र के युवाओं को खेलों के अभ्यास करने में काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शाहपुर पटोरी प्रखंड में इन्डोर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन निर्माण कराना

*88. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोलों में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण कराने की योजना संचालित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अन्तर्गत अरियरी प्रखंड के ग्राम-बेलहारी दलित टोला, इषापुर दलित टोला, रेठता दलित टोला एवं बलरामबीघा हरिजन टोला में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण नहीं किया गया है, जिसक कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्रसर मशीन चालू कराना

*89. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में पत्थर उद्योग एवं क्रसर मशीन बंद पड़ा है, जबकि दूसरे जिले में पत्थर उद्योग एवं क्रसर मशीन चालू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि क्रसर मशीनें बंद होने से लाखों लोग बेरोजगार हो गए हैं और बेरोजगार मजदूरों द्वारा पत्थर उद्योग चालू करने के लिए सरकार से लगातार माँग की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिलों में पत्थर उद्योग एवं क्रसर मशीन चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का निर्माण

*90. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-कोच में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त ग्राम की आबादी 2200 है, जिसमें पिछड़ा एवं महादलित आबादी अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित कर गरीब बच्चों को शिक्षा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराना

*91. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के गोविन्दपुर विधान सभा क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं होने के कारण खखंदुआ से अेवैया, सेखोदेवरा से रानीगढ़, कौआकोल जमुई पथ से महुलीयाटाँड पथ में भरूईया नदी पर पुल एवं मननपुर से गायघाट तक पथ का निर्माण कार्य अधर में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त पथों एवं पुलों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय का नामकरण

*92. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखण्ड के सलीमापुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम नेथुआ में विगत 50 वर्ष पूर्व में प्राथमिक विद्यालय खोलने हेतु श्री जगन्नाथ ठाकुर द्वारा अपनी निजी जमीन 10 कट्ठा महामहिम के नाम पर दान किया गया है, परंतु इतनी लम्बी अवधि बीत जाने पर भी श्री ठाकुर के नाम पर विद्यालय का नामकरण नहीं किया गया है, जबकि उनकी बहु श्रीमती प्रभावित देवी उक्त विद्यालय में सचिव के पद पर नामित हैं तथा दिनांक 2 अक्टूबर, 2023 को ग्रामसभा से प्रस्ताव पारित कराते हुये नामकरण हेतु सारण जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जमीनदाता के नाम पर तथा पारित प्रस्ताव के आलोक में उक्त व्यक्ति के नाम पर विद्यालय का नामकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सभागार का निर्माण

*93. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर विश्वविद्यालय का मुरारका महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित अंगीभूत महाविद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में एक भी सभागार नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में एक सभागार बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रबंधकारिणी समिति का गठन

*94. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड शेरघाटी स्थित मध्य विद्यालय, कचौड़ी को वर्ष 2013-14 में +2 विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था, लेकिन अभीतक मध्य विद्यालय एवं +2 विद्यालय में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक की पदस्थापना नहीं हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का कार्यभार प्रभारी के द्वारा मनमाने तरीके से चलाया जा रहा है, साथ ही प्रबंधनकारिणी समिति का गठन भी अभीतक नहीं किया गया है, जिसके कारण विद्यालय का कार्य एवं पढ़ाई प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त विद्यालय में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के साथ-साथ प्रबंधनकारिणी समिति का गठन करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम निर्माण कराना

*95. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के बैरियाडीह पंचायत में 15 एकड़ सरकारी जमीन (जो बैरियाटाल परती के नाम से प्रसिद्ध है) में स्टेडियम प्रस्तावित है परन्तु अभीतक स्टेडियम का निर्माण नहीं होने से आस-पास के पंचायतों के युवाओं को खेल प्रतिभा उभरने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बैरियाटाल परती पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*96. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक "पंचायत मुख्यालय दमुहां में हाई स्कूल भवन निर्माण को प्रदर्शन" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत दमुहां पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन निर्माण हेतु थाना नं० 469, खाता नं० 213, खेसरा 484 में 75 डी० जमीन चिन्हित किया गया था जिस पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत करते हुये उनके पत्रांक 688, दिनांक 31 मार्च, 2021 के द्वारा निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार, पटना को सूचित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी द्वारा दी गयी स्वीकृति के अनुरूप विद्यालय का भवन निर्माण नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत भूमि पर विद्यालय भवन निर्माण करवाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*97. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मटिहानी प्रखंड अन्तर्गत वार्ड नं० 18 स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय, सिंहमा के जर्जर भवन को तोड़कर आधारभूत संरचना के तहत नये भवन का निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परंतु सिंहमा के स्थान पर सिंहमा दियारा लिखने के कारण आजतक विद्यालय का भवन का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस नाम की त्रुटि को सुधार कर विद्यालय निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कराना

*98. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भागलपुर के पीरपैंती एवं कहलगांव प्रखंड के प्रत्येक पंचायतों में +2 इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय की स्थापना किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय, ईशीपुर, उच्च विद्यालय, शेरमारी, उच्च विद्यालय, मथुरापुर, उच्च विद्यालय, बाखरपुर, उच्च विद्यालय, बुद्धचक, उच्च विद्यालय, अकबरपुर, उच्च विद्यालय, कैरिया आदि का भवन जर्जर एवं संसाधन विहिन है जिसके कारण पठन-पाठन का कार्य व्यवस्थित ढंग से नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के प्रत्येक पंचायतों के इटरस्तरीय उच्च विद्यालय के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार, नये भवनों का निर्माण एवं संसाधन उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण

*99. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, अनुसूचति जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अन्तर्गत सोनुडीह सतजोरी पंचायत के सोनुडीह गांव में महादलित सामुदायिक भवन-सह-वर्क-शेड नहीं है, जबकि उक्त बस्ती में महादलित समुदाय की आबादी पांच सौ से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के तहत् पांच सौ आबादी वाले महादलित बस्ती में महादलित सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में महादलित सामुदायिक भवन-सह-वर्क-शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*100. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला स्थित सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अंतर्गत बनमा ईटहरी प्रखंड के घोड़दौड़ पंचायत में 1945 में स्थापित कोसी प्रमंडल का एक मात्र अल्पसंख्यक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरैल भवन में संचालित है जहां प्रतिवर्ष हजारों बच्चें शिक्षा प्राप्त करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई करना

*101. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखंड के सलीमापुर पंचायत में दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 को नियोजित समिति की बैठक में निर्णय हुआ कि प्रा०वि०, सलिमापुर में संस्कृत के प्रधान शिक्षक को सेवा से पदमुक्त तथा दो अन्य शिक्षकों को पंचायत के दूसरे विद्यालय में पदस्थापित किया जाये ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 को नियोजन समिति के बिना जानकारी के पंचायत सचिव द्वारा नियोजन इकाई के आदेश को ही रद्द करते हुये चिट्ठी जारी कर पुनः सभी शिक्षकों को पूर्व की तरह पद पर बने रहने का आदेश जारी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलत आदेश पारित करने वाले पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम का निर्माण

*102. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय में महानंदा नदी की मृत शाखा नदी के किनारे एक सद्भावना मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह मैदान मृत नदी के किनारे अवस्थित है इसलिये सैरात की जमीन होने के कारण सरकार इस मैदान में स्टेडियम के निर्माण की अनुमति नहीं दे रही है, जबकि इसी मैदान के उत्तरी छोर पर सरकारी आई०टी०आई० कालेज का अत्याधुनिक भवन निर्मित है और उक्त मैदान में सरकारी समारोहों जैसे स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस का आयोजन होता है, साथ ही सालों भर खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदभावना मैदान में स्टेडियम बनाने की अनुमति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जांच कराना

*103. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर एवं एकगंरसराय प्रखंडों के उत्क्रमित उच्च विद्यालय उच्च विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में बिहार सरकार के निर्णय के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022-23 से बिहार शिक्षा परियोजना नालन्दा द्वारा स्क्रैट इन्डस्ट्री, एकौमा प्रोजेक्ट प्रा० लिमिटेड एवं हाई टेक पॉल्ट्री फर्म मैनुफैक्चरिंग को कम्प्यूटर लगाने एवं कम्प्यूटर आधारित शिक्षा देने के लिये निविदाधारियों में से चयन किया गया है परंतु उक्त दोनों प्रखंडों में उच्च विद्यालय, डेकवाहा, उच्च विद्यालय, खोदागंज, उच्च विद्यालय कुण्डवापर सहित 30 से अधिक विद्यालयों में इन्स्टौल कम्प्यूटर गुणवत्तापूर्ण नहीं है तथा प्रतिनियुक्त शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने में असमर्थ हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कम्प्यूटर इन्स्टॉल के कार्यों सहित प्रतिनियुक्त कर्मियों के शिक्षण कार्य की जांच कराकर कौन-सी कार्रवाई कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय संचालित कराना

*104. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, करपी जिला अरवल कई वर्षों से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के बंद हो जाने के कारण स्थानीय छात्राओं को काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई करना

*105. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर स्थित एन०टी०पी०सी० के दो इकाइयों बी०आर०बी०सी०एल० एवं एन०पी०जी०सी० में गुणवत्तापूर्ण कोयले का उपयोग नहीं होने के कारण वायु प्रदूषण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों के विद्युत् इकाईयों के प्रदूषण के कारण इस क्षेत्र की आम जनता बीमारियों का शिकार हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुणवत्तापूर्ण कोयले का उपयोग नहीं करने के कारण उत्पन्न प्रदूषण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये प्रदूषण रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्रकों को जप्त करना

*106. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखंड के विभिन्न सड़कों पर 10 चक्का वाले ट्रक 25 टन, 12 चक्का वाले ट्रक-31 टन से 40 टन तक ओभरलोड गन्ना व अन्य सामग्री लेकर चल रहे हैं जिसके कारण 9 टन क्षमता वाली कालीकरण सड़क टूट रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवम्बर, 2023 से लेकर जनवरी, 2024 तक एक भी गन्ना लदा ओभरलोड ट्रक को जप्त नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ओभरलोड ट्रकों को जप्त करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई करना

*107. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड के भरौल गांव निवासी स्व० रामविलास प्रसाद ईश्वर जो बलिया प्रखंड के मोहनपुर प्राथमिक विद्यालय में दिनांक 10 फरवरी, 1973 से दिनांक 16 सितम्बर, 1975 तक शिक्षक के तौर पर पदस्थापित थे तथा कार्यवधि के दौरान ही उनका आकस्मिक निधन हो गया था परंतु उनके आश्रितों द्वारा निरन्तर पत्राचार तथा पटना उच्च न्यायालय के वाद संख्या 5858/2000 द्वारा पारित आदेश के बावजूद भी आजतक किसी प्रकार की लाभ प्रदान नहीं की गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उच्च स्तरीय जाँच कर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये मृतक आश्रितों को सहायता प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेडियम का निर्माण कराना

*108. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक स्टेडियम निर्माण का प्रावधान किया गया है, जिसके लिये जमीन उपलब्धता के आधार पर एक बड़ा मंझोला अथवा छोटा स्टेडियम में से कोई भी स्टेडियम का निर्माण होना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के अनुरूप जहानाबाद जिला अन्तर्गत मोदनगंज प्रखंड में विमल उच्च विद्यालय साईस्ताबाद तथा हुलासगंज प्रखंड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गंगापुर में जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालयों के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

परिवहन व्यवस्था कराना

*109. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के स्थापना काल से ही संध्या छ: बजे के बाद जिले से बाहर पटना अथवा अन्य जगहों पर जाने हेतु परिवहन व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि परिवहन व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान-मजदूर समेत आमजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर मुख्यालय से शाम छ: बजे के बाद परिवहन व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*110. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, हंसराज बाग भवन विहीन है जिसके कारण इस विद्यालय को 2 किलोमीटर दूर के एक विद्यालय के साथ टैग कर दिया गया है और स्थानीय छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक विद्यालय हंसराज बाग का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय भवन का निर्माण

*111. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक (+2) विद्यालय डुमरी में मात्र चार कमरे हैं, जिसमें वर्ग 1 से वर्ग 12 तक की पढ़ाई होती है, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन करने एवं शिक्षकों को अध्यापन कार्य कराने में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उच्चतर माध्यमिक (+2) विद्यालय, डुमरी का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

संबंधन दिलाना

*112. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत रामगढ़ में ग्राम भारती महाविद्यालय, में व्यवसायिक पाठ्यक्रम BBA के संचालन के लिये उपर्युक्त आधारभूत संरचना, पुस्तकालय, शौचालय एवं कम्प्यूटर लैब होने के बावजूद संबंधन नहीं मिला हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम भारती महाविद्यालय, रामगढ़ को व्यवसायिक पाठ्यक्रम BBA का संबंधन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-केन्द्र सक्रिय कराना

*113. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गणेशदत्त महाविद्यालय में छात्रों की सुविधा के लिये विश्वविद्यालय उप-केन्द्र खोला गया था जो वर्तमान में कार्यरत नहीं है, जिसके कारण बेगूसराय के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों के लिये दरभंगा जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बेगूसराय में निष्क्रिय विश्वविद्यालय उप-केन्द्र को सक्रिय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*114. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत ताड़र स्थित इंटरस्तरीय राजकीयकृत बालिका विद्यालय में छात्राओं के अनुपात में भवन नहीं रहने से पढ़ाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में 10+2 स्तरीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक 13 फरवरी, 2024 (ई०)।

बि०स०मु० - 82 (एल०ए०), 2023-24 डी०टी०पी० -550